



# विकेट को तरसे भारतीय गेंदबाज

## ब्रुक के बाद स्मिथ ने भी जड़ दिए 150 रन, इंग्लैंड का स्कोर 400 के करीब



**बर्मिंघम 4 जुलाई. टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच एजबेस्टन में खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने शुभमन गिल के दोहरे शतक ( 269 ) की बदौलत पहली पारी में 587 रन बनाए हैं। इसके जवाब में तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड की टीम ने पांच विकेट पर 355 रन बना लिए थे.**

जेमी स्मिथ ने 80 गेंदों में शतक पूरा किया है, जबकि ब्रूक ने 102 गेंद में सेंचुरी मारी। तीसरे दिन के पहले सेशन में इंग्लैंड ने जो रूट और बेन स्टोक्स का विकेट गंवाया। लेकिन उसके बाद जैमी स्मिथ और हैरी ब्रुक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की है और 270 से ज्यादा रनों की साझेदारी कर चुके हैं। आकाशदीप ने दो और सिराज ने तीन विकेट चटकाए हैं। स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने भी 150 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 222 गेंदों में 150 रन बनाए। ब्रुक अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का लगा चुके हैं। टी ब्रेक के लिए खेल रोके जाते समय विकेटकीपर जेमी स्मिथ 157 और हैरी ब्रूक 140 रन पर क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों ने छठे विकेट 271 रन की अटूट साझेदारी कर मैच में इंग्लैंड की वापसी करायी।



# शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा

## डी. गुकेश ने सुपर यूनाइटेड टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन को फिर हराया

**जाग्रेब 4 जुलाई. विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश से लगातार दूसरी हार के बाद कहा है कि उन्हें अब शतरंज खेलने में बिल्कुल मजा नहीं आ रहा है।**



कार्लसन ने पहले कई बार गुकेश को %कमजोर% खिलाड़ी बताया था।19 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने गुरुवार को सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड फॉर्मेट में पूर्व विश्व चैंपियन कार्लसन को एक बार फिर मात दी। यह जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश द्वारा कार्लसन को क्लासिकल फॉर्मेट में चौंकाने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। उस मैच में कार्लसन स्पष्ट रूप से निराश दिखे थे और उन्होंने गुस्से में मेज भी पटकी थी।

> हार के बाद कार्लसन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे अभी शतरंज खेलने में बिल्कुल मजा नहीं आ रहा है। मुझे खेलते समय कोई प्रवाह महसूस नहीं हो रहा है। मैं लगातार हिचकिचा रहा हूं, और अभी यह वास्तव में बहुत खराब है।कार्लसन के खिलाफ यह जीत टूर्नामेंट में गुकेश की लगातार पांचवीं जीत थी,

# सिमंस इलाज के लिए लंदन रवाना

**कोलंबो 4 जुलाई ( वार्ता ) बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ( बीसीबी ) की कोचों के प्रदर्शनों की समीक्षा की अटकलों के बीच टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस शुक्रवार को चिकित्सकों से मिलने लंदन रवाना हो रहे हैं।**



**बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने निजी दौरे की पुष्टि की**

**तीसरे वनडे में उपलब्ध रह सकते हैं**

वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज सिमंस सात जुलाई को श्रीलंका लौट सकते है। ऐसे में उम्मीद है कि वे सीरीज के तीसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बंगलादेश यहां एकदिवसीय सीरीज के बाद तीन टी-20 मैच खेलेगा। बंगलादेश क्रिकेट टीम मैनेजर नफीस इकबाल ने अटकलों को विराम देते हुए शुक्रवार को कहा, फिल सिमंस निजी कारणों से दो दिनों के दौरे पर लंदन जा रहे हैं।



# वांग शिनयू विम्बलडन से बाहर

## जेनेप सोनमेज़ ने दूसरे दौर में सीधे सेटों में दी मात

**लंदन, 4 जुलाई ( वार्ता ) चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं।**

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया।

इस जीत के साथ, 23 वर्षीय सोनमेज ने पहले ही अपना सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम परिणाम हासिल कर लिया है क्योंकि वह 32वें राउंड में प्रवेश कर चुकी हैं।

### सोनमेज ने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला : वांग

वांग ने मैच के बाद कहा, %%मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला।%% वांग ने कहा, %%4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला। वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया।%% %%बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।%% पिछले महीने बर्लिन ओपन में वांग ने अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन 23 वर्षीय चीनी खिलाड़ी ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में लय बरकरार रखने में विफल रही।

## एक नजर में



### बेन मैकलमोर दुष्कर्म मामले में दोषी

**ओरेगन सिटी.** पूर्व एनबीए खिलाड़ी बेन मैकलमोर को गुरुवार को जूरी ने दुष्कर्म, गैरकानूनी यौन प्रवेश और यौन उत्पीड़न के एक मामले में दोषी पाया। यह मामला 3 अक्टूबर 2021 को पोर्टलैंड ट्रेल ब्लेज़र्स के उनके तत्कालीन टीम के साथी रॉबर्ट कोविंगटन के लेक ओस्वेगो स्थित घर पर हुई एक पार्टी के दौरान एक 21 वर्षीय महिला के साथ हुई घटना से संबंधित है। पोर्टलैंड के ठीक दक्षिण में स्थित क्लैकमास काउंटी में जूरी ने 32 वर्षीय मैकलमोर को इन आरोपों में दोषी ठहराया, जबकि यौन उत्पीड़न के एक अन्य आरोप में उन्हें बरी कर दिया गया। सजा बुधवार को निर्धारित की गई है। जिला अटॉर्नी जॉन वेंटवर्थ ने बयान दिया कि उनका कार्यालय अपराधी की सामुदायिक स्थिति की परवाह किए बिना आपराधिक कृत्यों पर मुकदमा चलाता है। अभियोजकों ने सुनवाई के दौरान यौन संबंध को दुष्कर्म बताया, जबकि मैकलमोर के वकील ने इसे सहमति से हुआ यौन संबंध करार दिया। महिला ने गवाही दी कि भारी शराब पीने के बाद वह अक्षम थी और सहमति देने में असमर्थ थी। उसने बताया कि वह दुष्कर्म के दौरान एक बार जागी और डर के मारे जम गई।



### शरथ कमल का सपना होगा साकार

**चेन्नई.** पूर्व भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरथ कमल का एक बड़ा सपना साकार होने जा रहा है। तमिलनाडु सरकार के राज्य योजना आयोग की एक शाखा, तमिलनाडु इनोवेशन इनिशिएटिव्स द्वारा वित्त पोषित हाई-परफॉरमेंस सेंटर ( एचपीसी ) अगस्त के अंत तक मेलकोट्टैयूर स्थित तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ( टीएनपीईएसयू ) में कार्यशील हो जाएगा। इस प्रस्ताव को गुरुवार को स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु की कार्यकारी समिति ने मंजूरी दे दी। एसडीएटी के सदस्य सचिव जे. मेघनाथा रेड्डी ने बताया कि एचपीसी को टीएएनआईआई से तीन साल के लिए फंडिंग मिली है, जिससे केंद्र को स्थिरता मिलेगी। यह भी तय किया गया है कि शरथ कमल एचपीसी के सलाहकार निदेशक होंगे। रेड्डी ने कहा, 卐टीएएनआईआई से मिलने वाला फंड बुनियादी ढांचे, उन्नयन, उपकरण, जनशक्ति और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को व्यापक रूप से कवर करेगा।卐 42 वर्षीय पांच बार के ओलंपियन शरथ कमल इस विकास से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य तमिलनाडु के जिलों से प्रतिभाओं को विकसित करना और एचपीसी को एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र बनाना है। वे वर्ल्ड टेबल टेनिस के साथ मिलकर विदेशी कोचों और खिलाड़ियों को भी लाना चाहते हैं। 10 बार के सीनियर नेशनल चैंपियन शरथ इस साल नवंबर तक या नवंबर 2026 से पहले एक डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर आयोजित करने के इच्छुक हैं।



# वरुण की वापसी की जंग

## भारत 'ए' टीम में चुने गए डिफेंडर वरुण

**बेंगलुरु, 04 जुलाई ( वार्ता ) एक वर्ष से अधिक समय से भारतीय पुरुष हॉकी टीम से बाहर चल रहे टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे वरुण कुमार का मानना है कि भारत 'ए' टीम में शामिल होना सीनियर इंडिया टीम में जगह बनाने का मौका है।**

**सीनियर टीम में लौटने की उम्मीद**

**पेरिस ओलंपिक के बाद टीम से बाहर**

**डेढ़ साल बाद वापसी का मिला मौका**

**यूरोप टूर में आयरलैंड, फ्रांस से भिड़ंत**

डिफेंडर वरुण ने कहा, पेरिस ओलंपिक के बाद टीम से बाहर होना दुखद था। मुझे पता है कि मैं टीम में जगह बनाने की दौड़ में था, लेकिन अब मैंने अतीत को पीछे छोड़ दिया है और भारत 'ए' के लिए खेलने के इस अवसर के साथ नए सिरे से शुरुआत करने के लिए तैयार हूं।

वरुण को आखिरी बार पिछले वर्ष नई दिल्ली में भारत बनाम जर्मनी के मैत्रीपूर्ण मैच के दौरान खेलते हुए देखा गया था।

अगस्त में एशिया कप से पहले भारत 'ए' की टीम के लिए बुलावा आने से वरुण को सीनियर टीम में वापसी का अच्छा मौका मिला है।

### मुझे नए सिरे से शुरुआत करनी है

वरुण ने कहा, निश्चित रूप से मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य सीनियर टीम में वापसी करना है। लेकिन मेरे लिए अभी सबसे महत्वपूर्ण अपने खेल में सुधार करना है। डेढ़ वर्ष से अधिक समय से उचित दौरे पर नहीं खेला है, यह एक लंबा समय है और खेल लगातार बदल रहा है। संरचना बदल गई है और यह बहुत तेज भी हो गया है। जिस तरह से मैं इसे देख रहा हूं, वह नए सिरे से शुरुआत करना है। संजय की अगुआई वाली भारत 'ए' टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच होगा। आठ जुलाई से शुरू होने वाले मैच नीदरलैंड के आइंडहोवन और एम्सटलवीन में होंगे और बेल्जियम के खिलाफ मैच एंटवर्प में खेला जाएगा।

# युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली, 4 जुलाई ( वार्ता )** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप कातालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा। चैंपियनशिप में 410 से अधिक ल?के और ल?कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फ्री स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54.42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# भारत ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक

## पुंगनी तारा को एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में चांदी

**अस्ताना ( कजाकिस्तान ), 04 जुलाई ( वार्ता ) भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग ( युवा बालिका ) में रजत पदक जीता।**

पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया।



**60 किग्रा स्नैच और 81 किग्रा क्लीन एंड जर्क के साथ रजत पदक जीता**

**क्लीन एंड जर्क श्रेणी में पुंगनी को स्वर्ण पदक मिला**

> भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी। उन्होंने कहा, %%मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुंगनी तारा को हार्दिक बधाई देता हूं और सभी कोचों और सहयोगी स्टाफ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। यह परिणाम हमारे एथलीटों के समर्पण और हमारी कोचिंग टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण है, खासकर सीमित तैयारी के समय को देखते हुए।

**विश्व एथलेटिक्स गोल्ड मीट** | **नीरज चोपड़ा पहली बार आयोजक बने, जर्मनी, केन्या, ब्राजील जैसे देशों की भागीदारी, सचिन यादव को नीरज का विशेष न्यौता**

# दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करने उत्साहित हूं



**बेंगलुरु, 04 जुलाई ( वार्ता )** भारत का पहला इंटरनेशनल जैवलिन कंपटीशन, 'नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025', शनिवार यानी 5 जुलाई 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने जा रहा है। यह इवेंट वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा गोल्ड-लेवल मीट के तौर पर अप्रूव किया गया है और इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) का भी सपोर्ट मिला है। यह भारत को ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर एक खास जगह दिलाएगा।

> नीरज चोपड़ा ने इस इवेंट की अहमियत बताते हुए कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि ऐसा इवेंट भारत में हो रहा है और इतने अच्छे एथलीट्स यहां कंपीट करने आए हैं। मैं इस इवेंट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। एक साथ ऑर्गेनाइज करना और खेलना मुश्किल है। मैंने हमेशा खेलने पर ध्यान दिया है, लेकिन अब मुझे सब कुछ देखना होगा। एक आयोजक के तौर पर मुझे इन छोटी-छोटी चीजों के बारे में सोचना होगा। मुझे यह पसंद है। कर्नाटक सरकार और हमें सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। जेएसडब्ल्यू टीम को उनके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ङ्क वे हमारे साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं।

आज इवेंट से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारत के युवा जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव, जर्मनी के थॉमस रोहलर, और केन्या के जूलियस येगो मौजूद थे। सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड-क्लास कंपटीशन देने और भारत में जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही। जर्मन जैवलिन स्टार थॉमस रोहलर ने कहा, हम यहां आकर बहुत शुक्रगुजार हैं। हम जैसे इंटरनेशनल एथलीट्स के लिए, मुझे लगता है कि एक ऐसे देश में आना खुशी की बात है जो जैवलिन में सच में आगे बढ़ रहा है। तो, यह हम सभी के लिए एक खास पल भी है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में खेलने का फैसला करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। हमने सीजन की शुरुआत में ही इस मीट के बारे में बात की थी। मैंने सोचा, 'हां, मैं इसे करूंगा।' क्योंकि मेरे लिए यह काफी खास साल है ङ्क कई सालों की परेशानियों और चोटों के बाद बड़े स्टेज पर वापसी कर रहा हूं। इसलिए मैंने सोचा, 'हां, मैं इस मौके को भुनाऊंगा'। इस अनुभव से सीखने और आगे बढ़ने के मौके पर सचिन यादव ने कहा, सबसे पहले, मैं नीरज भैया को इस कंपटीशन में इनवाइट करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।